यूटीयू के कुलपति ने किया कई संस्थानों का औचक निरीक्षण

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

- लिब्रा कालेज आफ लॉ व बीहाईवी में कक्षाओं में नहीं मिले छात्र
- दोनों संस्थानों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

छात्र-छात्राओं से फीडबैक लेते कुलपति।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बुदवार को विभिन्न संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो संस्थानों में छात्र नहीं मिले। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने छात्रों से संवाद कर फीड बैक लिया।

बुधवार को कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने सबसे पहले लिब्रा कॉलेज ऑफ लॉ का निरीक्षण किया। जहां एलएलएम पाठ्यक्रम संचालित होता हैं। निरीक्षण निरीक्षण के दौरान कक्षाओं का संचालन शुरू न होने की जानकारी मिली। संस्थान में शतप्रतिशत छात्रों की अनुपस्थिति देख कर कुलपति ने नाराजी जताई और विधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

इसके बाद कुलपति किंगस्टन कालेज ऑफ फार्मेसी का निरीक्षण करते हुए कक्षाओं में जाकर सीधे छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।

इसके साथ ही प्रिंसिपल डा.झूमा सामंता को शैक्षिक त्रुटियों को ठीक करने के निर्देश दिया। सेलाकुई स्थित बीहाईव कालेज ऑफ इंजीनियरिंग के निरीक्षण में लिब्रा कालेज जैसे हालात दिके। एमबीए व बीटेक की कक्षाओं में सभी छात्र-छात्राएं अनुपस्थित मिले। कुलपति ने छात्रों को अन्य संस्थानों में ट्रांसफर करते हुए कालेज को डी एफिलेशन की कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

आखिर में कुलपति ने झाझरा में स्थित गुरूनानक कालेज ऑफ फार्मेसी का निरीक्षण कर छात्रों से संवाद करते हुए फीडबैक लिया गया।

कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने कहा कि विवि से संबंद्ध किसी भी कालेज में शैक्षणिक वातावरण किसी भी तरह से दूषित नहीं होने दिया जायेगा। किसी भी स्तर पर शैक्षणिक माहौल खराब होने पर संबंधित संस्थान के लिए खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विवि के रजिस्ट्रार ने लिब्रा व बीहाईब कालेज को विवि के नोटिस जारी कर शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप कक्षाओं का संचालन न होने पर दो दिन में जवाब मांगा है।